हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 28 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

10 राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाली...



11 जवानों को राष्ट्रसेवा एवं आंतरिक सुरक्षा के ...





## खबर संक्षेप

### अंजनेश्वर देवालय से कांवड़ यात्रा निकलेगी आज

**जगदलपुर।** सावन के तीसरे सोमवार 28 जुलाई को कुम्हारपारा के अंजनेश्वर देवालय से कांवड़ यात्रा निकलेगी । शिव भक्त कांवड़िए महादेव घाट से जल लेकर देवालय के नर्मदेश्वर शिवालय में जलाभिषेक करेंगे। अंजनेश्वर नवयुवक समिति ने श्रद्धालुओं से शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपेक्षा की है।

### सरयूपरिण ब्राम्हण समाज भवन में रूद्राभिषेक आज

**जगदलपुर।** सोमवार 28 जुलाई को दोपहर 3 बजे सरयूपरिण ब्राम्हण समाज भवन में रूद्राभिषेक कार्यक्रम रखा गया है। आयोजकों ने सावन के तीसरे सोमवार को हो रहे इस धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं से शामिल होने का अनुरोध किया है।

### ग्रंथालय पहुंचे विद्यार्थियों की समस्या का निराकरण



**जगदलपुर।** लाला जगदलपुरी जिला ग्रंथालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं ने अपनी समस्याओं को लेकर विधायक कार्यालय पहुंचकर विधायक किरण देव को समस्याएं बतायी । उन्होंने गंभीरता से सुनकर तत्काल अधिकारी को फोन लगाकर छात्रों की समस्याओं का तत्काल समाधान किया । छात्र छात्राओं ने प्रसन्नता जाहिर करते हुवे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव का धन्यवाद व्यक्त किया। किरण देव ने कहा हमारे युवा आज विकसित भारत के राष्ट्र शक्ति है। जहां बस्तर संभाग से छात्र छात्राएं अध्ययन करने आते हैं जिन्हें तकलीफ नही होनी चाहिए । अधिकारी को समझाया कि नियमित रूप से ग्रंथालय जाकर व्यवस्था देखें। विद्यार्थिओं को किसी तरह की समस्याओं का सामना ना करना पड़े।

### पॉलिटेक्निक में मना कारगिल विजय दिवस



**जगदलपुर।** शहर के धरमू माहरा शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में कारगिल विजय दिवस बड़े गर्व और सम्मान के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद सैनिकों की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। जिसके पश्चात प्राचार्य एसके त्रिवेदी ने संबोधन में भारतीय सेना द्वारा कारगिल युद्ध के दौरान झेली गई कठिन परिस्थितियों का वर्णन किया। उन्होंने छात्राओं को मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनने और हमेशा देश को सर्वोपरि रखने की सीख दी। इसके बाद छात्राओं को कारगिल युद्ध पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई, जिसमें भारतीय सैनिकों की अद्भुत वीरता और मातृभूमि के प्रति उनके समर्पण को दर्शाया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन व्याख्याता एंजलिन मैथ्यू द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम एनएसएस के तत्वाधान में आयोजित हुआ।

### जवाहर नवोदय विद्यालय का शिक्षक भोपाल संलग्न

**जगदलपुर।** पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य इति मरावी ने जारी प्रेस विज्ञप्ती में बताया कि 21 जुलाई को रात्रि 9.30 बजे बिजली गुल होने से छात्रों ने नाचते गाते शोरगुल किया था। जिसपर शिक्षक सौरभ अवस्थी ने छात्रो को मना किया । कुछ देर चुप रहने के बाद छात्र पुनः हो हल्ला करने लगे। इस पर शिक्षक ने बच्चो के पास रखे प्लास्टिक के वाइपर से मारा। उसके बाद हॉस्टल से बाहर आकर बच्चो ने हंगामा किया ।प्राचार्य ने कहा कि घटना में किसी भी बच्चे को गंभीर चोट नही आयी है और ना ही कोई हास्पीटल में भर्ती है।

# प्रधानमंत्री के 'मन की बात' समूचे देशवासियों से सीधे जुड़ने का सशक्त माध्यम : देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ विधायक ने एक पेड़ मां के अभियान के तहत किया पौधारोपण

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 124 वां संस्करण दीनदयाल वार्ड के बूथ क्रमांक 116 में कार्यकतार्ओं व गणमान्य नागरिकों के साथ सुना। प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष यात्री शांतनु शुक्ला का उल्लेख करते हुये अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत के बढ़ते कदम को देश का गौरव बताया। प्रधानमंत्री ने महत्वपूर्ण विषयों को देशवासियों के साथ साझा किया। विधायक किरण देव ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम समूचे देशवासियों से सीधे जुड़ने का सशक्त माध्यम बन गया है। इसके जरिये प्रधानमंत्री देश की गौरवशाली परंपराओं व संस्कृति, राष्ट्रीय धरोहरों, देश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे अच्छे कार्यो, राष्ट्र की उपलब्धियों का जीवंत परिचय देशवासियों से साझा करते हैं। जिसका लाभ व ज्ञान सभी को मिल रहा है। उन्होंने पंजाब सनातन भवन में आयोजित मन की बात के बाद एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वार्ड वासियों व समाज के सदस्यों के साथ पौधरोपण किया । सभी से पौधा लगाने व हरियाली बढ़ाने के पुनीत अभियान में बढ़चढ़ कर सहयोग करने अनुरोध किया।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम के श्रवण के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय, पार्षद सुरेश गुप्ता, रोहित त्रिवेदी, नवरत्न जलोटा, चंद्रशेखर साव, सुविता गुप्ता, अंजू राय, योगेश ठाकुर, जगत सिंह चौहान सूर्य भूषण सिंह, नारायण चांडक, राजू नाग, बलिराम सागर, ब्रिजेश शर्मा, देव झा, मनीष निषाद, जसवीन साहनी, रूपेश झा, श्याम बिहारी मालवीय, कल्लू मामा, विवेक झा, नरसिंह सेठिया,आशा राव, रेखा कुमार, कमल सिंह, इंदिरा स्वर्णकार, गोकुल साव, दुर्गा निषाद, सुषमा निषाद,रजनी निषाद, सुनील गिरधर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे।

## परीक्षा : कुछ महिला परीक्षार्थियों ने जताई आपत्ति

# आधा दर्जन विवाहित महिला परीक्षार्थियों का उतरवाया मंगलसूत्र, शर्ट की आस्तीन काटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ जिले के 29 परीक्षा केन्द्रों में की गई भर्ती परीक्षा

आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में रविवार को आधा दर्जन विवाहित महिला परीक्षार्थियों के गले से मंगलसूत्र हटाने के लिए कहा गया। यह घटना परीक्षा केंद्र में सुरक्षा जांच के दौरान हुई। कुछ महिला परीक्षार्थियों ने मंगलसूत्र पहना हुआ था, जिसे परीक्षा केंद्र के अधिकारियों ने उतरवा दिया। परीक्षा केंद्र के अधिकारियों का कहना है कि यह कदम सुरक्षा कारणों से उठाया गया था। उनका कहना है कि कुछ मामलों में धातु की वस्तुओं का उपयोग परीक्षा में अनुचित साधनों के लिए किया जा सकता है। इसलिए परीक्षा केंद्र में धातु की वस्तुओं को ले जाने पर रोक है, जिसमें मंगलसूत्र भी शामिल है। हालांकि इस घटना को लेकर महिला परीक्षार्थियों ने आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि मंगलसूत्र सुहाग का प्रतीक है और इसे उतारने के लिए कहना उचित नहीं है। इस मामले में कुछ लोगों ने इसे पारिवारिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम बताया है। कोंडागांव से परीक्षा देने जगदलपुर के दंतेश्वरी कॉलेज सेंटर में पहुंची महिला परीक्षार्थी ने बताया कि गेट में ही मंगलसूत्र हटाकर आने को कहा गया था, बाद गेट में सुरक्षा में तैनात महिला ने उसका मंगलसूत्र रखा, जाते समय वापस दिया। साथ ही शहर के परीक्षा केन्द्रों में कड़े नियम कायदों के बीच शहर के तीन सेंटरों में जहां फुल शर्ट पहनकर आए परीक्षार्थियों का आस्तीन कैची से काट दिया गया। और गले की चेन, तुलसी का माला एवं कान की बालियां सहित अन्य आभूषण को गेट में उतरवा लिए गए। बताया जा रहा है कि परीक्षा केन्द्रों में जैमर लगाया गया, ताकि 500 मीटर के दायरे में फोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस काम न कर सकें।





### 8324 परीक्षार्थी हुए शामिल



परीक्षा के सफल संचालन के लिए नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर मायानन्द चन्द्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा रविवार को आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती के तहत परीक्षा का आयोजन किया गया। बस्तर जिले के 29 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित इस परीक्षा में पंजीकृत 10344 अभ्यर्थियों में से 8324 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, वहीं 2020 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस बार भी व्यापमं के कड़े नियमों का पालन करते हुए अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। बताया जा रहा है कि परीक्षा रविवार की सुबह 11 बजे आरंभ हुई, व्यापमं ने परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों से समय का विशेष ध्यान रखते हुए ढाई घंटे पहले केन्द्र में उपस्थित होने कहा गया था, कई अभ्यर्थी विलंब से परीक्षा देने पहुंचे जिन्हें प्रवेश का मौका नहीं मिला।

# बरसते पानी में सरपंच ने सम्हाला मोर्चा, दी राहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहंडीगुड़ा

■ जेसीबी से पानी निकासी के लिए बनवाया रास्ता ग्रामवासियों ने ली राहत की सांस

बस्तर में लगातार हो रही वर्षा से जनजीवन प्रभावित हो रहा है ऐसे कठिन समय में प्रशासन के साथ जनप्रतिनिधि और ग्रामवासी लोगों को राहत देने जुट गए है । ग्राम पंचायत गढ़िया के युवा सरपंच भरत कश्यप रुक-रुक कर हो रहे बारिश के बीच गांव के रास्तों में जल भराव, नालियों में जाम जैसे समस्याओं का निदान करने छतरी लेकर खुद सड़कों पर उतर गए ।उन्होंने घूम घूम कर ग्राम वासियों से संपर्क कर जुटने को कहा । लगातार वर्षा के कारण पानी का निकासी नहीं होने के कारण पानी घरों में भरने लगा था जहां मौके पर जेसीबी के साथ पहुंच कर सरपंच भरत ने तत्काल पानी निकासी का रास्ता बनवाया। जिससे ग्रामवासियों को राहत मिली। भरत ने कहा एक जनप्रतिनिधि को जनता की समस्या का निदान पहले करना चाहिए यही मेरा प्रयास रहता है । उन्होंने कहा कि कोई समस्या अगर बढ़ जाए जिससे लोगों का नुकसान हो यह मंजूर नहीं है भले ही मुझे कैसे भी काम करना पड़े। भरत ने कहा कि लगातार बारिश से परेशानी तो बढ़ी है पर सभी ग्रामवासी एकजुट हैं। लगातार ग्रामवासियों के संपर्क में हूं ,मेरा प्रयास है कि जितना भी हो सके मैं अपने लोगों के लिए कुछ कर पाऊं। वहीं ग्रामवासियों ⏭ शेष पेज 10 पर

# सेवानिवृत्त शिक्षक कर रहा छात्रावास का संचालन: बैज

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहण्डीगुड़ा



■ आखिर किसके संरक्षण में बिना आदेश के चल रहा चंदेला छात्रावास

जिला पंचायत सदस्य योगेश बैज ने सेवानिवृत्त शिक्षक घिरधार बघेल के द्वारा चल रहे चंदेला छात्रावास के संचालन को गलत करार देते हुए आपत्ति की है । प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा है कि बिना किसी आदेश के एक सेवानिवृत्त शिक्षक द्वारा छात्रावास का संचालन एक गंभीर मामला है। यह कानूनी और नैतिक दोनों रूप से गलत है। छात्रावास का संचालन के लिए एक अधिकृत व्यवस्था होती है। बिना अनुमति के ऐसा करना अनियमितता है। सेवानिवृत्त शिक्षक बिना किसी आधिकारिक आदेश के छात्रावास का संचालन कर रहे हैं जो कि सरासर गलत है और नियमों के खिलाफ है जो छात्रावास के छात्रों और कर्मचारियों के लिए भी सुरक्षा और कानूनी चिंताओं को जन्म दे सकता है। यह आदिम जाति कल्याण विभाग के नियमों का घोर उल्लंघन है। जिला पंचायत सदस्य योगेश बैज ने कहा आखिर किसके संरक्षण में इस सेवानिवृत शिक्षक द्वारा छात्रावास का संचालन किया जा रहा है । यह विषय बेहद गंभीर है आदिम जाति कल्याण विभाग को इस मामले की तत्काल जांच करनी चाहिए। संबंधित व्यक्ति के खिलाफ उचित कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई की जानी चाहिए। ताकि छात्रावास के संचालन के लिए एक स्पष्ट और पारदर्शी प्रणाली स्थापित हो । अगर ऐसा नहीं होता है तो छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए छात्रावास में आगामी दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# साप्ताहिक बाजार में फुटू 500 रुपए में 4 जूड़ी बिका



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

साप्ताहिक बाजार में रविवार को फुटू 500 रूपए में 4 जूड़ी बिका है। साथ ही लोकल टमाटर नहीं आने से बैंगलोर के टमाटर शहर में पहुंच रहा है, जिसके चलते महंगा हो गया है। बाजार में टमाटर 25, करेला 80, फूलगोभी 80, पत्तागोभी 50, भिंडी 80, आलू 30, प्याज 30, अदरक 180, लहसून 250 एवं धनियापत्ती 200 रूपए किलो में बिक रहा है। बाजार में शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के खरीददारों की भीड़ लगी रही।

संघ ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग

# वनभूमि पर अतिक्रमण को रोकने पहुंचे दो वन कर्मी हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ कार्रवाई नहीं होने पर बस्तर व नानगुर पुलिस थाना का करेंगे घेराव



वन कर्मचारियों पर वन माफियाओं व अतिक्रमणकारियों द्वारा हमला किए जाने का मामला समय-समय पर सामने आता है, ऐसे ही मामला 23 जुलाई को भी घटित हुआ है। जगदलपुर वन परिक्षेत्र के चेचालगुर में छह अतिक्रमणकारियों द्वारा वन कर्मचारी शौरभ कश्यप पर जानलेवा हमला किया गया। इसके अलावा पूर्व में भी बस्तर वन परिक्षेत्र में शंभु कश्यप के दो माफियाओं द्वारा हमला किया गया था, लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं हुई है। घटना की रिपोर्ट संबंधित थाने में दर्ज करवा लिया गया है, लेकिन आज भी अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। उक्त बातें वन कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष अमित कुमार झा ने संघ भवन में रविवार को आयोजित पत्रवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि नानगुर क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जाता है, साथ ही गांव के लोगों भी अतिक्रमण करने उकसाया जाता है, क्योंकि अधिक लोग होने से कार्रवाई नहीं होगी। चेचालगुर में पुराना नीलगिरी का प्लांटेशन है, वहां जबरन अतिक्रमण किया जा रहा है और 20 हेक्टेयर में लगभग 17 हेक्टेयर को कब्जा किया गया है। उन्होंने कहा कि वनमंत्री के निर्देश पर अब अवैध अतिक्रमणकारियों द्वारा वन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब बस्तर वन मंडल में बड़ा अतिक्रमण ⏭ शेष पेज 10 पर

## मंदिर पहुंचे विधायक और महापौर ने की पूजा अर्चना

# भैरम मंदिर वार्षिक जात्रा, विधि विधान के साथ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

रियासतकालिन भैरम देव बाबा वार्षिक जात्रा विधि विधान के साथ आज संपन्न हुआ । प्रातः पूजन आरती के पश्चात हवन कार्यक्रम किया गया । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव, महापौर संजय पांडे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एम आई सदस्य निर्मल पानीग्राही, त्रिवेणी रंघारी, पार्षद एवं समाज के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं ।

समाज के अध्यक्ष राजेश दास व सचिव सुमित महापात्र ने बताया कि पदभार के पश्चात सफलता पूर्वक हुए इस आयोजन में समाज के सदस्यों ने पूर्ण सहयोग किया । पुजारी रमेश नंद ने बताया लगभग 30 वर्षो से बाबा की सेवा पूजा अर्चना कर रहे है। बाबा से जो भी सच्चे मन से मुराद करता है । उसकी मनोकामना जरूर पूरी होती है । हवन पूजन के पश्चात बली प्रसाद का वितरण किया गया। कोषाध्यक्ष मनोज महापात्र ने बताया कि लगभग 300 से ज्यादा प्रसाद वितरित किए गए ।

### मंदिर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

मंदिर का निर्माण महाराजा प्रवीर चंद्र भंजदेव द्वारा 1936 में कराया गया था। उससे पूर्व मान्यता है कि बाबा भैरव स्वयंभू प्रकट भगवान है। सैकड़ों वर्ष पूर्व जिस जगह पर आज मंदिर स्थापित है वहां कभी जंगल हुआ करता था । नदी तट एवं विराट जंगल के बीच बाबा प्रकट हुए थे । पंडित दिनेश चंद्र दास ने बताया कि 90 वर्षो से अधिक समय से उत्कल समाज द्वारा भैरव बाबा की पूजा अर्चना की जा रही है।



### सुंदरकांड पाठ और अन्न भोग

कल संध्या उत्कल महिला विंग द्वारा सुंदर कांड पाठ एवं अन्न भोग का आयोजन किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया । जात्रा को सफलतापूर्वक संपन्न करने समाज के पदाधिकारी अध्यक्ष राजेश दास ,उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद तिवारी, मनोज दास पट्टजोशी,सचिव सुमित महापात्र संगठन सचिव रमेश नंद सांस्कृतिक सचिव मनीष श्रीवास्तव कार्यालय सचिव अच्युत सामंत , महिला विंग अध्यक्ष सुभ्रा दास सचिव निरुपमा दास युवा विंग अध्यक्ष पवन मिश्रा सचिव आशीष दास एवं समाज सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# दरभा ब्लॉक के संवेदनशील क्षेत्र में जतीन ने ली पदाधिकारियों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ कार्यकर्ताओं को गठन की प्रक्रियाओं की जानकारी दी

अतिसंवेदनशील क्षेत्र दरभा ब्लॉक के प्रभारी जतीन जयसवाल ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में संगठनात्मक मजबूती के लिये मंडल,सेक्टर कमेटियों के पुनर्गठन हेतु ब्लॉक अध्यक्ष,कार्यकारिणी सहित मोर्चा संगठन के पदाधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले बूथों के अनुरूप मण्डल व सेक्टर के निर्माण व गठन पर चर्चा कर बारीकियों को समझाया और गठन की प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार रविवार को यह बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री प्रशासन अनवर खान, अंकित पारेख, ⏭ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### डा. त्रिपाठी रुस में आयोजित कृषि संवाद में होंगे शामिल

**कोण्डागांव।** जिले के प्रसिद्ध कृषक व किसान नेता डॉ. राजाराम त्रिपाठी रूस की यात्रा पर रवाना हो रहे हैं। 28 जुलाई से 7 अगस्त तक यात्रा के दौरान मॉस्को और सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित उच्चस्तरीय भारत–रूस कृषि संवाद का नेतृत्व करेंगे।



यह आयोजन देश के प्रमुख कृषि मीडिया समूह कृषि जागरण और रूस की प्रतिष्ठित संस्था इंटरनेशनल बिजनेस एलायंस द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। इसमें वैश्विक ऑर्गेनिक मॉडल कोंडागांव स्थित मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय प्रमाणित ऑर्गेनिक हर्बल फार्म। काली मिर्च की क्रांति एमडीबीपी 16 विश्व की सर्वश्रेष्ठ और चार गुना उत्पादन देने वाली प्रजाति। अंतरराष्ट्रीय मान्यतारू हाल ही में ब्राज़ील सरकार द्वारा विशेष कृषि भ्रमण के लिए आमंत्रित किया गया है। नवाचार स्टीविया की 'बिटर–फ्री' किस्म एवं सफेद मूसली में विश्व स्तरीय गुणवत्ता पर भी जानकारी देंगे।

### कांवरिये विभिन्न मंदिरों में जल अर्पित करने रवाना

**धमतरी।** दिव्य ज्योति बोल बम कांवरिया संघ दर्री का एक जत्था अर्धनारीश्वर शिवांबा मंदिर दर्री से बम्हनी (महासमुंद) सरोवर से जल लेकर गिरौदपुरी धाम, सत्यनारायण बाबा समाधि स्थल व विभिन्न मंदिर देवालय से होकर सिरपुर पहुंचेगा। मंदिर प्रांगण में पंडित ललित शुक्ला, दयाराम साहू प्रदेश साहू संघ महामंत्री, श्रीमती गीतेश्वरी निरंजन साहू जनपद सदस्य, हिमांशु शेखर साहू सरपंच दर्री, निरंजन साहू उपसरपंच, समिति के पदाधिकारी अशोक सार्वा, माखन यादव, शिवशंकर यादव, डेमन केसरिया, डिगेश्वर साहू, शिवकुमार साहू, विशु चक्रधारी, राजकुमार कुंभकार, राजेंद्र साहू, खिलावन निर्मलकर, ललेश्वर निर्मलकर, श्रीमती तीजिया बाई कुंभकार, सोसायटी सेल्समेन श्रीमती धनेश्वरी साहू, श्रीमती रेवती कुंभकार, श्रीमती जया चक्रधारी की उपस्थिति में कांवरियों का मंगल टीका लगाया गया। शीतला व शिव मंदिर में पूजापाठ के बाद जत्था को रवाना किया गया।

### भाषण प्रतियोगिता में हेमंत प्रथम

**धमतरी।** गुरुकुल विद्यासागर स्कूल लोहरसी में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती सुरुचि यादव ने कारगिल विजय दिवस पर अपने विचार रखे। श्रीमती नेमिन निषाद ने कहा कि दुनिया में वही देश सबसे ज्यादा मजबूत होता है ,जिसके नागरिक अपने देश से सबसे ज्यादा प्यार करते हैं। श्रीमती डिलेश्वरी साहू ने कैप्टन विक्रम बत्रा के उद्घोष को दोहराया कि या तो मैं तिरंगा लहराकर आऊंगा या फिर तिरंगे में लिपट कर आऊंगा और 26 जुलाई को पूरे देश को कारगिल विजय का यादगार पल मिला। झामिन साहू ने देश के शहीदों को नमन किया। प्रधान पाठक भारतलाल साहू ने कारगिल युद्ध पर विस्तार से प्रकाश डाला। शिक्षिकाएं ज्ञानेश्वरी साहू, केसर सिन्हा, खोमेश्वरी साहू, मनीषा साहू एवं मिथिलेश साहू ने भी सभा को संबोधित किया।

# अप्रतिम वीरता, सर्वोच्च बलिदान और अटूट कर्तव्यनिष्ठा से परिपूर्ण शौर्य गाथा का मना जश्न

## 188 वीं बटालियन सीआरपीएफ ने धूमधाम से मनाया 87वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

188वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने आज अपना 87वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर कमांडेंट भवेश चौधरी के मार्गदर्शन में और नीतीन्द्र नाथ द्वितीय कमान अधिकारी, 188 वाहिनी के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत खेलो इंडिया स्कीम फिट इंडिया के तहत आयोजित एक साइकिल रैली से हुई। यह रैली वाहिनी मुख्यालय से शुरू होकर राष्ट्रीय राजमार्ग–30 से होते हुए बंधा तालाब पार्क और शहर के अन्य महत्वपूर्ण स्थलों तक गई। जिसमें 188 वाहिनी के अधिकारियों, अधीनस्थ अफसर और जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद, नीतीन्द्र नाथ ने क्वार्टर गार्ड पर सेरेमोनियल गार्ड का निरीक्षण किया और गार्ड द्वारा उन्हें सलामी दी गई। अपने संबोधन में श्री नाथ ने 87वें सीआरपीएफ स्थापना दिवस पर सभी कार्मिकों और उनके परिजनों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह गौरवशाली बल अप्रतिम वीरता, अदम्य साहस, सर्वोच्च बलिदान और अटूट कर्तव्यनिष्ठा से परिपूर्ण अपनी 86 वर्षों की शौर्य गाथा का भव्य उत्सव मना रहा है।

उन्होंने मातृभूमि की सेवा और कर्तव्यपरायणता के अपने दृढ़ संकल्प पर अडिग रहने का संदेश दिया। संबोधन के उपरांत, सभी उपस्थित कार्मिकों में मिष्ठान वितरित किया गया और शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वाहिनी मुख्यालय कोंडागांव में एक सैनिक सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्री नाथ ने अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों को सफलतापूर्वक 86 वर्ष पूरे करने पर बधाई दी। उन्होंने सीआरपीएफ की विभिन्न उपलब्धियों और शौर्य के बारे में बताया और बल के आंतरिक सुरक्षा के साथ–साथ अन्य महत्वपूर्ण कर्तव्यों के निर्वहन में योगदान पर प्रकाश डाला।



### खेलकूद स्पर्धा व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

इस अवसर पर वाहिनी द्वारा सामूहिक वृक्षारोपण, क्रिकेट और वॉलीबॉल मैच जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। शाम के समय वाहिनी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और बड़ा खाना सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। इस वाहिनी की सुदूर इलाकों में स्थित सभी कंपनियों में भी स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर 188 बटालियन के अधिकारियों दीपक सिंह उप कमांडेंट, कमल सिंह मीना उप कमांडेंट, चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल चंद्रन आर.पी., निरीक्षक सत्यवीर सिंह, वाहिनी के अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।

## सफलता : नेताम को कलेक्टर ने दी उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं

# राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाली लेखा ने की कलेक्टर से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर कोंडागांव का नाम रोशन करने वाली जूडो खिलाड़ी लेखा नेताम ने गत दिवस कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना से सौजन्य मुलाकात की। कलेक्टर ने लेखा की इस शानदार उपलब्धि के लिए उन्हें शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए जिला प्रशासन द्वारा उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

बंधापारा कोंडागांव निवासी लेखा नेताम केंद्रीय विद्यालय कोंडागांव में 10वीं कक्षा की छात्र हैं, ने 16 जुलाई से 20 जुलाई तक नोएडा में आयोजित 54वें केंद्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय खेलकूद 2025 प्रतियोगिता में यह स्वर्ण पदक हासिल किया है। इस जीत के बाद, वह अब एसजीएफआई स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया में भाग लेंगी। लेखा पिछले चार सालों से जुडो खेल रहीं हैं। उन्हें आईटीबीपी भारत–तिब्बत सीमा पुलिस की 41वीं बटालियन के कमांडेंट नरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में जवान नारायण सोरेन और उदय सिंह द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। खेल के क्षेत्र में उनकी इस सफलता में उनके पिता दशरथ नेताम और माता श्रीमती लक्ष्मी नेताम का भी भरपूर सहयोग रहा है।

### आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, 3841 परीक्षार्थी हुए शामिल

*छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। जिले के कुल 18 परीक्षा केंद्रों में पंजीकृत 4620 परीक्षार्थियों में से 3841 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 779 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा के दौरान, कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए थे।*



# कलेक्टर ने आंगनबाड़ी बच्चों को बांटे गणवेश, पोषण सुधारने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज आंगनबाड़ी केंद्र बंधापारा पहुंचकर बच्चों को आंगनबाड़ी गणवेश वितरित किए। इस दौरान उन्होंने बच्चों के पोषण की स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में गणवेश का वितरण किया जा रहा है।

अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर ने भी आंगनबाड़ी केंद्र महात्मा गांधी वार्ड क्र. 1 में बच्चों से मुलाकात की और उन्हें गणवेश वितरित किया। इस अवसर पर बच्चों को फल, बिस्किट और खिलौने भी बांटे गए। इसी तरह, जिले के अन्य अधिकारियों ने भी अपने नोडल आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुंचकर बच्चों को गणवेश का वितरण किया। साथ ही, मध्यम कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर की जानकारी ली गई और सुधार के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व पालकों से चर्चा की गई।

ज्ञात हो कि जिले के मध्यम कुपोषित बच्चों की सतत निगरानी रखने और उन्हें सुपोषित श्रेणी में लाने के उद्देश्य से जिला अधिकारियों को एक–एक बच्चे की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस पहल के तहत, जिले में कुपोषित बच्चों की संख्या में कमी लाने के प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों को एक–एक मध्यम कुपोषित बच्चे की निगरानी का जिम्मा दिया गया है। संबंधित अधिकारी गोद लिए गए बच्चों के माता–पिता से संपर्क कर उनके खान–पान, स्वच्छता और चिकित्सकीय सुविधा के लिए आवश्यक परामर्श देते हैं। वे नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर संबंधित बच्चे की वृद्धि निगरानी का पर्यवेक्षण भी कर रहे हैं।

# अजीम प्रेमजी हाईस्कूल में छात्रों की सेहत जांची गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम शंकरदाह स्थित अजीम प्रेमजी स्कूल में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों द्वारा विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण, दांत परीक्षण और जनरल चेकअप कर मौसमी बीमारियों से बचाव और अच्छे खानपान पर ध्यान देकर स्वस्थ रहने का परामर्श दिया गया।

विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय में दो बार विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुजरा की चिरायु टीम के चिकित्सकों एवं तकनीकी स्टाफ ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिरायु टीम के मुख्य चिकित्सक डॉक्टर डीपी कौशिक, दंत चिकित्सक इंद्राणी साहू, नेत्र चिकित्सक भूपेंद्र साहू, रानु साहू द्वारा विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। तकनीकी स्टाफ ने विद्यार्थियों का वजन, ऊंचाई मापन कर बीएमआई बताया। आंखों के बेहतर रखरखाव के लिए मोबाइल और टीवी न देखने और स्वस्थ रहने के लिए परामर्श दिया गया। साथ ही मौसमी बीमारियों सर्दी, खांसी, जुकाम, सरदर्द, बदन दर्द, त्वचा रोग की दवाई बच्चों को दी गई।

# सामाजिक न्याय की लड़ाई में भागीदारी सबसे जरूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ओबीसी वर्ग की शिक्षा, रोजगार और राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन तालकटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में किया गया। यह आयोजन सामाजिक न्याय के लिए एक निर्णायक कदम माना जा रहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की थी। उन्होंने कहा कि देश के ओबीसी युवाओं को अब पीछे नहीं, नेतृत्व में रहना चाहिए। सामाजिक न्याय की लड़ाई में भागीदारी सबसे जरूरी है। इस सम्मेलन में धमतरी विधायक ओंकार साहू ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि ओबीसी समाज को राजनीतिक और सामाजिक नेतृत्व में उचित प्रतिनिधित्व देना ही सच्चे लोकतंत्र की पहचान है। इस ऐतिहासिक आयोजन के माध्यम से ओबीसी समुदाय की वास्तविक भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में गंभीर मंथन और निर्णय लिए गए।

# हरेली छत्तीसगढ़ की ग्रामीण परम्परा और संस्कृति से जुड़ा पर्व : रोहरा

- नगर निगम ने लायंस क्लब के सहयोग से मियावाकी पौधरोपण कार्यक्रम रखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा और प्रकृति-प्रेम के प्रतीक हरेली तिहार के अवसर पर नगर निगम द्वारा लायंस क्लब के सहयोग से मियावाकी पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पर्व की सांस्कृतिक महत्ता को उजागर करना था, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जनजागरूकता फैलाना भी था। इस आयोजन में महापौर रामू रोहरा, आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल, सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन, उपायुक्त पीसी सार्वा, एमआईसी सदस्यगण एवं पार्षदगण सहित नगर निगम के अनेक अधिकारी और कर्मचारी, लायंस क्लब के सदस्यगण उपस्थित थे। सभी जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि हरेली छत्तीसगढ़ की ग्रामीण संस्कृति से जुड़ा पर्व है, जो प्रकृति, कृषि और पर्यावरण से हमारे जुड़ाव को दर्शाता है। पौधरोपण हमारे भविष्य की जिम्मेदारी है और आज का हर पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली और स्वच्छता की सौगात है। आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल ने नागरिकों से आग्रह करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसे संरक्षित करने का संकल्प लें। इससे न केवल पर्यावरण संतुलन बना रहेगा बल्कि शुद्ध वायु और हरित परिवेश भी सुनिश्चित होगा। कार्यक्रम अंतर्गत शहर के सोरिद डिपोपारा मॉडल स्कूल के पास पौधे लगाए गए। इन पौधों की नियमित देखरेख के लिए स्थानीय नागरिकों को भी प्रेरित किया गया।

## पारंपरिक व फैंसी राखी की कीमत 10 से लेकर 500 रुपए तक

# शहर में रंगबिरंगी राखी का बाजार सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रक्षाबंधन पर्व इस वर्ष 9 अगस्त को मनेगा। राखी को लेकर शहर में बाजार सज गया है। बहनें अपने भाइयों के लिए राखी खरीदने बाजार पहुंच रही हैं। शहर में सजे स्टालों में भीड़ दिखाई दे रही है। बाजार में वैसे भी चाइनीज राखियां बायकाट हो गई हैं। देश में निर्मित पारंपरिक राखियां, फैंसी राखियां, कार्टून राखी, रस्सी राखी, मोती, रूद्राक्ष, कुलमी माला राखी की बिक्री खूब हो रही है।

राखी विक्रेता आकाश बोधवानी, विजय पंसारी, दिनेश गुहा ने बताया कि ग्राहकों की मांग पर इस बार देशी राखियां मंगवाई हैं जिसमें रंगबिरंगे कलर, आकर्षक डिजाइन, बजट के अंदर की राखी लोगों को खूब लुभा रही है। इस बार माहभर पहले से ही माल मंगवा लिए हैं। राखी का त्योहार 10 दिन शेष है इसलिए दूरदराज में रहने वाले भाइयों के लिए बहनें राखी खरीद रही हैं। व्यापारियों ने बताया कि उनके पास 10 रुपए से लेकर 300 रुपए तक राखियां उपलब्ध हैं। रस्सीवाली कच्चे धागे से निर्मित राखियां 5 रुपए से स्टार्ट है। मेटल और धातु से बनी राखियां 500 रुपए तक हैं। लोग अपनी पसंद और बजट के अनुसार राखी खरीद रहे हैं। ज्यादातर राखियां राजस्थान, जयपुर, कश्मीर, कोलकता, राजकोट, गुजरात, दिल्ली से आती हैं। एजेंट लाकर छोड़ देते है, पेमेंट ले जाते हैं।



राखी खरीदने पहुंची सुशीलादेवी, सरस्वती, नीलादेवी, ज्योति साहू आदि का कहना है कि वे अपने भाइयों के लिए राखी खरीद रही हैं जिसमें कुछ राखी बाहर भेजनी है। स्थानीय स्तर पर भाइयों को वे हर साल राखी बांधती है। शहर के घड़ी चौक, गोलबाजार, रामबाग, रूद्री रोड, सिहावा रोड, बस्तर रोड पर शामियाना टेंट लगाकर राखी की दुकान सजी है।

राखी विक्रेता श्याम हितानी ने बताया कि बदलते परिवेश के हिसाब से लोगों की रूचि भी बदल गई है। पहले रेश्मी राखी, गद्देवाली राखी, कच्चे धागे की राखी खूब बिकती थी। आज आर्टिफिशियल का जमाना है। तेज चमक और फैंसी राखी की डिमांड बढ़ गई है। जड़ी राखी की खूब डिमांड है।

## पेज 9 के शेष

### बरसते पानी में ....

ने कहा है कि गांव के सरपंच हमेशा जिस तरह विकास के लिए हमारे साथ खड़े होते हैं आज हमारे परेशानियों में हमारे साथ है ग्राम वासियों ने उत्साह के साथ कहा कि हमें विश्वास है मिलकर हम हर तरह के समस्या का हल कर सकते हैं।

### वन भूमि पर....

होने पर एक साथ जिले के कर्मचारी पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेंगे। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि संघ ने उच्चाधिकारियों को घटना से अवगत करा दिया है और उच्चाधिकारियों ने पुलिस के उच्चाधिकारियों से चर्चा कर रहे हैं, यदि समय पर कार्रवाई नहीं होगी तो बस्तर एवं नानगुर पुलिस थाना का घेराव किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में वन कर्मचारी उपस्थित थे।

### दरभा ब्लॉक के ....

मुकेश गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष मानसिंग बघेल, तुलाराम नाग,मानसिंग ठाकुर, सोनरू नाग,सुरेश कुमार, जयदेव नाग,राजेश दास, अजय बघेल, डमरूधर भारद्वाज, बलीराम बघेल, साकाराम बघेल, सोमारू, कार्तिक, मानुराम, फागु, सामनाथ कश्यप सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, सेवादल, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई और मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## बिजनेस साइट

# सुमीत बाजार में भारी छूट-सिर्फ 31 जुलाई तक, अंतिम 4 दिन शेष



**रायपुर।** सुमीत बाजार में चल रही अप टू 50 प्रतिशत ऑफ की विशेष छूट अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। मेंस वियर एवं साड़ियों पर मिल रही यह विशेष छूट सिर्फ 31 जुलाई तक उपलब्ध रहेगी। ऐसे में खरीदारी के इच्छुक ग्राहकों के पास अब केवल 4 दिन का समय शेष है। ग्राहकों द्वारा इस सेल को जबरदस्त प्रतिसाद मिला है। खरीदारी का उत्साह सुमीत बाजार के सभी ब्रांचों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। पारंपरिक से लेकर वेस्टर्न परिधानों तक, सभी वर्गों के लिए विशेष छूटों का लाभ उठाया जा रहा है। सुमीत बाजार ने हमेशा की तरह इस बार भी कुछ नया पेश करने का प्रयास किया है, और उसे ग्राहकों से भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है। चप्पे-चप्पे में फैली इसकी शाखाओं में ग्राहकों की भारी भीड़ देखी जा रही है।सुमीत बाजार प्रबंधन ने ग्राहकों से अपील की है कि वे इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं, क्योंकि छूट की यह पेशकश सिर्फ 31 जुलाई तक ही मान्य है। सुमीत बाजार है छत्तीसगढ़िया–मतलब सबले बढ़िया।

खबर संक्षेप

## पानी में डूबने से महिला की मौत



**दरभा।** शनिवार रात 8 बजे 60 वर्षीय महिला की पानी मे डूबने से मौत हो गई। मृतका की पहचान लेंड्रा निवासी सोनिया बघेल पत्नी बिलासी बघेल के रूप में हुई है। वह घर के पीछे डबरी मे शौच के लिए पानी लेने गई थी। पानी भरते समय उसका पैर फिसल गया और वह डबरी में गिर गई और उसकी मौत हो गई। जिसके बाद परिवार वाले मृतिका को खोजने लगे वहीं घर के पीछे डबरी में शव बरामद हुआ। आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर दरभा थाना से उप निरीक्षक द्वारिका मिश्रा एवं कामानार पुलिस चौकी प्रभारी यसवंत नरेटी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है।

## मेथाडिस्ट चर्च को दी नई जिम्मेदारी



**जगदलपुर।** मेथाडिस्ट एमपीआरसी का 37 वां अधिवेशन जबलपुर मध्यप्रदेश में संपन्न हुआ। जिसमें महामहिम बिशप ए. शीमोन द्वारा शहर के चंदैया मेमोरियल मेथाडिस्ट चर्च को भी नई जिम्मेदारी दिया गया। इसमें रेव्ह. रविंद्र नाथ को जिला अधीक्षक, मैनेजर मिशन स्कूल जगदलपुर बनाया गया। साथ ही रेव्ह. युसूफ सिंह को यूथ डायरेक्टर छत्तीसगढ़ बनाया गया। शैलेंद्र शाह को आरई मेंबर और श्रीमती बसंती नाथ को डिस्ट्रक्टि इवेंजलिस्ट बनाया गया। निवेश मार्क्स नाथ को डीएस बस्तर द्वारा जिला ले-लीडर बनाया गया। इसकी जानकारी मसीह समाज प्रवक्ता अनिमेष दास ने दी।

# प्राथमिक शाला अन्नारम में बच्चों का आत्मीय स्वागत एवं वेलकम किट वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

नवप्रारंभ की ओर एक प्रेरक कदम



कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में संचालित वेंडे स्कूल दायकाल अभियान के तहत शिक्षा के उजाले को अंतिम छोर तक पहुँचाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए एपीसी जाकिर खान के कुशल नेतृत्व में विकासखंड भोपालपटनम अंतर्गत संकुल केंद्र चन्दूर की पुनः संचालित प्राथमिक शाला अन्नारम में बच्चों को नियमित उपस्थिति हेतु उत्साह बढ़ाने प्रेरित किया गया।

शाला में दर्ज 15 बच्चों का आत्मीय स्वागत कर उन्हें वेलकम किट के रूप में शैक्षणिक सामग्री, स्कूली बैग, पठन-पाठन सामग्री भेंट की गई। यह कार्यक्रम न केवल बच्चों के लिए एक नई शुरुआत का अवसर बना, बल्कि पूरे ग्राम अन्नारम के लिए गर्व और हर्ष का क्षण रहा।

इस विशेष अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी पी. नागेन्द्र कुमार एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास एटला की गरिमामयी उपस्थिति रही। खंड स्त्रोत समन्वयक यालम शंकर, प्राचार्य स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तारलागुड़ा चंद्रशेखर वासम, संकुल शैक्षिक समन्वयक श्री के. जी. यादगिरी एवं शिक्षा दूत एशम ललिता की विशेष भूमिका भी सराहनीय रही।

बच्चों के उत्साह को और ऊँचाइयाँ मिलीं जब ग्राम पंचायत कोत्तूर के सरपंच काका भास्कर ने स्वयं बच्चों को वेलकम किट अपने करकमलों से प्रदान किए। बच्चों के चेहरों पर प्रसन्नता देखते ही बनती थी। विद्यालय परिसर में एक उत्सव जैसा वातावरण था। बच्चों की मुस्कान ने दर्शाया कि शिक्षा के इस नव अभियान ने सही दिशा पकड़ ली है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, अभिभावक, ग्रामीणजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और सभी ने इस पहल की मुक्तकंठ से सराहना की।

यह पहल एक उदाहरण है कि जब शिक्षा विभाग, समुदाय और जनप्रतिनिधि एक साथ मिलकर कार्य करते हैं, तो कोई भी गांव शिक्षा से वंचित नहीं रह सकता।

### सीआरपीएफ सेकेंड वाहिनी ने मनाया 87वां स्थापना दिवस

# जवानों को राष्ट्रसेवा एवं आंतरिक सुरक्षा के लिए तत्पर रहने किया प्रेरित






हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

विकासखंड कोंटा के वनांचल क्षेत्रों में सेवा रही केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ की सेकेंड वाहिनी ने अपना 87वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। जिला मुख्यालय सुकमा के सबरीनगर स्थित मुख्यालय तथा अन्य सभी समवाय कैंप रामाराम, चिंतागुफा, मिनपा, एफओबी मुर्कराजकोडा एवं दुलेर मे सीआरपीएफ का 87 वॉ स्थापना दिवस मनाया गया।

जिसमें कमाण्डेंट कमलेश कुमार ने क्वाटर गार्ड पर सलामी ली तथा सैनिक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए बल के गौरवमयी इतिहास, बलिदान और कर्तव्यनिष्ठा पर प्रकाश डाला। साथ ही जवानों को राष्ट्रसेवा एवं आंतरिक सुरक्षा के लिए सतत तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया।

इसके उपरांत कमांडेंट कमलेश कुमार के नेतृत्व में बटालियन के अश्वनी कुमार मिश्रा द्वितीय कमान अधिकारी डॉ. नितेश परचाके सीएमओ एवं अन्य अधिकारीगण व जवानों ने स्थानीय दिव्यांग विद्यालय का दौरा कर बच्चों के साथ यह महत्वपूर्ण दिन साझा किया। इस अवसर पर कमांडेंट कमलेश कुमार ने बच्चों से संवाद किया उन्हें प्रोत्साहित किया । और मिठाइयाँ वितरित की। बच्चों की मुस्कान और उत्साह ने कार्यक्रम को अत्यंत भावनात्मक एवं प्रेरणादायक बना दिया।

### मनोरंजन के साथ खेलकूद का हुआ आयोजन

इस अवसर पर वाहिनी मुख्यालय एवं सभी समवायों में जवानों के मनोरंजन के लिए रस्साकसी एवं वॉलीबाल जैसे खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें वाहिनी के जवानों ने काफी उत्साह एवं जोश के साथ भाग लिया। इन खेलों के विजेता प्रतिभागियों को कमाण्डेंट महोदय द्वारा पुरूस्कृत किया गया। सायंकाल में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें जवानों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। बल के 87 वॉ स्थापना दिवस समारोह के अन्त में जवानों व अधिकारियों के लिए बड़े खाने का आयोजन किया गया। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान बटालियन के अश्वनी कुमार मिश्रा द्वितीय कमान अधिकारी डॉ. नितेश परचाके सीएमओ एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे ।

## सरस्वती शिशु मंदिर में धूमधाम से मनाया गया हरेली त्योहार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में हरेली त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। गौरतलब है कि श्रावण मास की अमावस्या को हरियाली त्योहार धूमधाम से पूरे भारत में मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहते हैं इसलिए छत्तीसगढ़ में विशेष रूप से इसे धूमधाम से मनाया जाता है। यह हरेली त्यौहार वर्ष का पहला त्यौहार होता है, इस दिन किसान अपने खेती किसानी से जुड़े हुए उपकरण व बैल, गाय, भैंस की पूजा करते हैं मीठा खिलाते है। विद्यालय में हरेली के उपलक्ष्य में भैया बहनों के बीच फुगड़ी, कबड्डी आदि का आयोजन किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त किए भैया बहनों को पुरस्कृत किया गया। गेडी में प्रथम स्थान हेमराज यादव व द्वितीय स्थान पर सौरभ बघेल रहे। हरेली तिहार पर भैया बहनों ने अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अभिभावक बंधु भी उपस्थित रहे जिन्होंने खेलों का आनंद लेते हुए करतल ध्वनि से बच्चो का स्वागत किया। इस दौरान विद्यालय के भैया बहनो ने फलदार, छायादार फूलदार पौधों का रोपण भी किया। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार दुबे ने कहा कि गांव नगर में हरियाली बनी रहे इसके लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना चाहिए। सभी लोगों को अपने मां के नाम से, अपने जन्मदिन में, अपने माता-पिता की शादी की सालगिरह में पौधा रोपण करना चाहिए। विश्व हिंदू परिषद व पीपल्स केयर समिति की ओर 2 अगस्त को वृक्षारोपण कार्यक्रम रखा गया है।

- **भैया बहनों के बीच गेड़ी, फुगड़ी, कबड्डी आदि का किया गया आयोजन**

## गंगा कौर अध्यक्ष एवं किरण शुक्ला को उपाध्यक्ष का दायित्व



**जगदलपुर।** मां डोकरी दाई विकास समिति डोकरीघाट पारा के नए कार्यकारणी का गठन कर नवनियुक्त पदाधिकारियो को दायित्व सौपा गया। जिसमे संरक्षक के रूप में कृष्ण कुमार पाण्डेय,कमला यादव,विन्दा यादव,चमेली यादव,सरस्वती यादव को सम्मलित किया गया है। जबकि अध्यक्ष का दायित्व गंगा कौर को सर्वसमति से दायित्व सौपा गया है। वही उपाध्यक्ष में किरण शुक्ला,धीरेन्द्र यादव,महेश यादव कुसुम पांडे,अर्चना ठाकुर,जबकि सचिव का दायित्व विनायक सिंह ठाकुर,हेमंत कुमार यादव और टीकेशवरी को दिया गया है। कोषाध्यक्ष में दिनेश यादव एवं पारो यादव को नियुक्त किया गया है। समिति संगठन सचिव शिवाली यादव,दुर्गा यादव, उषा यादव सुमन यादव को दायित्व दिया गया है। कार्यकारिणी सदस्यो में कल्पना ठाकुर,राजवती ठाकुर,कमला यादव,पुजा पात्र, सविता कुडियम,शांति यादव,आशा यादव,फुलमनी साहनी मनीषा कौर,लखन सिंह ठाकुर, प्रकाश नागे,हीरा लाल यादव, विनोद पांडेय,अजय यादव,अनु पानीग्राही हेमा यादव, बालमती यादव शामिल है।



# स्कूलों की अधोसंरचना, शौचालय की स्थिति व अन्य मुद्दों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

जनपद पंचायत गीदम के ग्राम पंचायत समलुर में शिक्षा समिति सभापति दिनेश कुमार कौशल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई, जिसमें अतिथि शिक्षकों की भर्ती, स्कूलों की अधोसंरचना, शौचालय की स्थिति, विद्यार्थियों की उपस्थिति और शाला प्रबंधन समिति को मजबूत करने पर जोर दिया गया। इस बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए योग्य अतिथि शिक्षकों की भर्ती पर जोर दिया गया। स्कूलों की बुनियादी सुविधाओं में सुधार के लिए चर्चा की गई। शौचालय की स्थिति के तहत स्कूलों में स्वच्छता और स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए रणनीति तैयार की गई। शाला प्रबंधन समिति की भूमिका और जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई और उन्हें और भी मजबूत करने के तरीकों पर विचार किया गया। बैठक का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना और स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करना था। सभी उपस्थित लोगों ने अपने सुझाव और विचार साझा किए और मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

इस बैठक में क्षेत्रीय जनपद सदस्य श्रीमती रुचिता क्षत्रिय, ग्राम पंचायत सरपंच मोतीराम, उप सरपंच लोकेंद्र ठाकुर, सुनील कुमार ग्राम पंचायत समलुर, संकुल समन्वयक, प्राचार्य, प्रधान अध्यापक व अन्य ग्रामवासी मौजूद थे।

- **ग्राम पंचायत समलुर में शिक्षा समिति की हुई बैठक**

## सेजेस में छात्रों की रचनात्मक और जागरूकता गतिविधियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

पीएम श्री सेजेस लोहंडीगुड़ा में हाल ही में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक जागरूकता की भावना विकसित करना था। कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों द्वारा भारतीय सैनिकों के लिए एक विशेष राखी निर्माण गतिविधि आयोजित की गई। बच्चों ने रंगीन धागों, मोतियों और सजावटी सामग्री से सुंदर राखियाँ तैयार कीं। इन राखियों के साथ विद्यार्थियों ने सैनिकों के प्रति अपने सम्मान और प्यार को व्यक्त करने वाले संदेश भी लिखे। यह पहल देश के रक्षकों के प्रति आभार और भाईचारे की भावना का प्रतीक रही।

कक्षा 9 से 12 के छात्रों ने सड़क सुरक्षा विषय पर एक सशक्त वाद-विवाद प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। वक्ताओं ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात नियमों के महत्व पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। इसके पश्चात यूथ क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर एक लघु नाटक (स्किट) का मंचन किया गया, जिसने उपस्थित दर्शकों को नियमों का पालन करने और सतर्क रहने का प्रेरक संदेश दिया।

विद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों की प्रतिभा और प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जिम्मेदारी और रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करते हैं।

## आप की संगठनात्मक बैठक बीजापुर में गांव-गांव तक पहुंचाने का लिया संकल्प

जगदलपुर। बीजापुर जिले में आम आदमी पार्टी की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई,जिसमें पार्टी के सभी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य बस्तर संभाग,विशेषकर बीजापुर जिले में संगठन को मजबूत करना और गांव-गांव तक आम आदमी पार्टी की नीतियों और विचारधारा को पहुंचाना था।
पार्टी के वरिष्ठ नेता समीर खान ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा आम आदमी पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो आम लोगों के हक और अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में दिल्ली और पंजाब में जो क्रांति लाई गई है,वैसी ही क्रांति बस्तर में भी लाई जाएगी।
बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पार्टी ब्लॉक,सेक्टर और मंडल स्तर पर सांगठनिक विस्तार करेगी,और हर गांव में जाकर नए लोगों को जोड़ेगी। बैठक में उपस्थित नेता बलू भवानी ने कहा, हम बाबा साहेब के सपनों को साकार करने के लिए काम कर रहे हैं।दलित,आदिवासी, पिछड़े और गरीब वर्ग के लोगों को शिक्षा,स्वास्थ्य, बिजली और पानी जैसे मूलभूत अधिकार दिलाना हमारा उद्देश्य है।

बिजनेस साइट

## सुमीत बाजार में भारी छूट सिर्फ 31 जुलाई तक, अंतिम 4 दिन शेष



रायपुर। सुमीत बाजार में चल रही 50% डिस्काउंट की विशेष छूट अब अपने अंतिम चरण में पहुँच गई है। मेंस वियर एवं साड़ियों पर मिल रही यह विशेष छूट सिर्फ 31 जुलाई तक उपलब्ध रहेगी। ऐसे में खरीदारी के इच्छुक ग्राहकों के पास अब केवल 4 दिन का समय शेष है।

ग्राहकों द्वारा इस सेल को जबरदस्त प्रतिसाद मिला है। खरीदारी का उत्साह सुमीत बाजार के सभी ब्रांचों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। पारंपरिक से लेकर वेस्टर्न परिधानों तक, सभी वर्गों के लिए विशेष छूटों का लाभ उठाया जा रहा है।

सुमीत बाजार ने हमेशा की तरह इस बार भी कुछ नया पेश करने का प्रयास किया है, और उसे ग्राहकों से भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है। चप्पे-चप्पे में फैली इसकी शाखाओं में ग्राहकों की भारी भीड़ देखी जा रही है। सुमीत बाजार प्रबंधन ने ग्राहकों से अपील की है कि वे इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं, क्योंकि छूट की यह पेशकश सिर्फ 31 जुलाई तक ही मान्य है। सुमीत बाजार है छत्तीसगढ़िया मतलब सबले बढ़िया।

## सीआरपीएफ का 87वां स्थापना दिवस बारसूर में धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



देश की आंतरिक सुरक्षा में अहम भूमिका निभा रही केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का 87वां स्थापना दिवस रविवार को 195वीं बटालियन, बारसूर में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कमांडेंट राजीव कुमार ने जवानों, अधिकारियों एवं उनके परिजनों को शुभकामनाएँ दीं और बल के गौरवशाली इतिहास को याद किया। स्थापना दिवस के अवसर पर बलिदान दिवस की तर्ज पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही, खेलकूद प्रतियोगिताएं, साइकिल रैली, मिष्ठान वितरण और ग्रामवासियों के साथ विभिन्न सांस्कृतिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कमांडेंट राजीव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि ₹सीआरपीएफ राष्ट्र की सेवा और सुरक्षा में समर्पित बल है, जिसने हर चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में देशवासियों का विश्वास जीता है। सीआरपीएफ की स्थापना 27 जुलाई 1939 को 'क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस' के रूप में हुई थी। भारत की स्वतंत्रता के बाद 28 दिसंबर 1949 को इसका नाम बदलकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल किया गया। तब से यह बल आतंकवाद, नक्सलवाद, उग्रवाद एवं अन्य आंतरिक चुनौतियों से लड़ते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में द्वितीय कमान अधिकारी विक्रांत वर्मा, असिस्टेंट कमांडेंट राजकुमार एवं संजीव कुमार समेत अन्य अधिकारी एवं जवान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# निखिल कश्यप को विधायक लखेश्वर ने दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड/घाटलोहंगा

मंत्री केदार कश्यप के भतीजे एवं पूर्व सांसद दिनेश कश्यप एवं जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप के सुपुत्र निखिल कश्यप के दुःखद निधन पर आयोजित दुःख कार्यक्रम में विधायक लखेश्वर बघेल ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि निखिल कश्यप का असमय निधन परिवार ही नहीं बल्कि समूचे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी भी शामिल हुए और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पूर्व केन्दीय मंत्री अरविंद नेताम, बालेश दुबे, गणेश बघेल, मानसिंह कवासी, बैद्यनाथ मौर्य, हेमराज बघेल, रियाज खान, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## पूर्व राष्ट्रपति कलाम की पुण्यतिथि मनाई



**भानुप्रतापपुर।** भारत देश के पूर्व राष्ट्रपति स्व. अब्दुल कलाम आजाद के पुण्यतिथि पर शिवसेना द्वारा उनके प्रतिमा की पूजा अर्चना कर उनका माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हुए उनकी पुण्यतिथि मनाया। इस अवसर पर शिवसेना द्वारा कहा गया कि अब्दुल कलाम आजाद एक राष्ट्रपति ही नहीं इस देश के एक महान वैज्ञानिक भी थे, जिनके आदर्शों पर आज भारत देश चल रहा है जो किसी जाति, पार्टी की दीवार में नहीं बंध कर समस्त भारतीयों के एक जनप्रिय नेता थे। शिवसेना सदैव उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेती है एवं उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेती है।

## दो दिवसीय शिव महिमा कथा व रुद्राभिषेक महोत्सव जारी

**भानुप्रतापपुर।** शिव महिमा कथा एवं रुद्राभिषेक काशी तीर्थ से आए



कथा व्यास आचार्य पं. कमल किशोर तिवारी दयालु महाराज काशी तीर्थ के मुखार बिंदु से आस्था, भक्ति रस के साथ महोत्सव का दो दिवसीय संगीतमय भव्य आयोजन शिवालय मंदिर प्रांगण नेहरूनगर में आयोजित किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में रविवार 27 जुलाई को कलश यात्रा के साथ बेदी पूजा और दोपहर 4 बजे से संध्या तक शिव महिमा कथा वाचन किया गया। आज सोमवार 28 जुलाई प्रातः 6 बजे से 10 बजे तक कांवर यात्रा खंडी नदी, 10 बजे से 11 बजे तक बेदी पूजा एवं 11 बजे से 1100 पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक पूर्णाहुति व विसर्जन किया जाएगा।

## पार्थिव शिवलिंग का किया महाअभिषेक



**चारामा।** नगर निवासी शिव शम्भु परिवार एवं रामसत्ता चौक शिव भक्त परिवारजनों के द्वारा राम सत्ता चौक में पार्थिव शिवलिंग का महारुद्र अभिषेक किया गया, जिसमें नगर पुरोहित विकास दुबे द्वारा पूरा अनुष्ठान विधि विधान से संपन्न किया गया। शिव भक्ति संगीतमय में मग्न होकर शिव शिवाय नमस्तुभ्यं की जयकारा के साथ प्रकृति में गुंजायमान किया एवं महाआरती के साथ पूजा समाप्त हुई। इस अवसर पर नगर पंचायत चारामा वार्ड पार्षद गीतेश्वरी शिव सोनकर, कविता विनोद साहू, उत्तम साहू, मंजू सोनकर एवं अन्य शिव भक्ति उपस्थित रहे।

## डूबने से युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 21 निवासी मुकेश राय का डूबने से 26 जुलाई को मौत हो गया। पीव्ही 21 निवासी मनोरंजन राय ने पुलिस को बताया कि मृतक मवेशी को चराने के लिए जंगल गया था। उसका शव दुर्गापुर में पड़ा हुआ था। चेहरा पानी में डूबा हुआ था।

# बस्तर प्रकृति बचाओ समिति ने प्रयास और एकलव्य विद्यालय में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

### विद्यार्थियों ने रोपे गए पौधों की देखभाल का लिया संकल्प

बस्तर प्रकृति बचाओ समिति द्वारा धुरगुड़ा स्थित प्रयास विद्यालय और एकलव्य विद्यालय में पौधारोपण और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस आयोजन के मुख्य अतिथि जीआर सोरी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास थे। प्रयास विद्यालय के प्राचार्य सुधीर कुमार दुबे और एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य मुकेश कुमार सैनी के सानिध्य में दोनों विद्यालय के परिसर में छात्र, छात्राओं ने फलदार पौधे आम, बादाम, मुनगा, आंवला, कटहल, सहित गुलमोहर, सिंदूरी, नींबू आदि के पौधे रोपे गए। छात्र, छात्राओं ने टीम बना कर रोपे गए पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। एकलव्य विद्यालय में पर्यावरण जागरूकता संवाद का आयोजन हुआ। लगभग 400 विद्यार्थियों की उपस्थिति में बस्तर




**ये रहे मौजूद**

इस कार्यक्रम में भोज यादव, नूरी शबा, लिकेश्वरी निषाद, शारदा तारम, विरेन्द्र मरकाम, तुलसी नेताम, सोनधर मंडावी, हिमांशु कुलदीप, महेंद्र बघेल, मनोज मंडावी, नागेश मंडावी, महेश कश्यप, हिना, करिश्मा, विमला, जैराम, उत्तम वैभव, चांदनी, तनिषा याचिका सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्रकृति बचाओ समिति के सचिव मदन आचार्य ने संस्था के इतिहास और संस्थापक सदस्यों के विषय में जानकारी दी। समिति के देवव्रत बराल और उमेश आचार्य ने जंगल और जल की जरूरत पर प्रकाश डाला और बताया कि बस्तर की पहचान पर्यावरण की विविधता और आदिम जनजातियों से ही है। इसलिए इसे बचाकर रखना चाहिए। समिति के अध्यक्ष दशरथ कश्यप ने अपने हल्बी उद्बोधन में बच्चों को पेड़ पौधों के महत्व और साथ साथ पढ़ाई की जरूरत पर बल दिया। सहायक आयुक्त सोरी ने बताया कि पर्यावरण जो पहले नष्ट हुआ है उसे सुधारने का दायित्व आज के बच्चों की है अन्यथा आगे सांस लेना भी मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि आज जो अवसर मिला है उसका पूरा लाभ उठाकर छात्र, छात्राओं को जीवन और समाज में आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में आभार मुकेश सैनी प्राचार्य द्वारा प्रगट किया गया।

### इन्द्रावती कॉलोनी, राजेन्द्र नगर और छत्रपति शिवाजी वार्ड में हुआ भूमिपूजन

# शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाना सभी की प्राथमिकता : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





शहर के विभिन्न वार्डों में चल रहे विकास कार्यों को गति प्रदान करते हुए आज तीन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इन्द्रावती कॉलोनी, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में सीसी सड़क निर्माण, राजेन्द्र नगर वार्ड स्थित भैरम देव गुड़ी में बाउंड्री वॉल तथा छत्रपति शिवाजी वार्ड में पंचायत भवन के पास गुड़ी में शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर संजय पाण्डे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

विधायक ने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाना हम सभी की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में विकास की लहर चल पड़ी है। महापौर, सभापति खेमसिंह देवांगन तथा निगम प्रशासन विकास कार्यों को लेकर पूरी तरह संवेदनशील हैं और निरंतर आमजन की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रहे हैं।

महापौर ने जानकारी दी कि लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में सीसी सड़क की मांग लंबे समय से वार्डवासियों द्वारा की जा रही थी, जिसे आज पूर्ण करते हुए निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद से विकास कार्यों में गति आई है। उन्होंने कहा कि जगदलपुर में 281 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक बिजली गृह की स्थापना प्रस्तावित है। गंगामुंडा तालाब का सौंदर्यीकरण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। धरमपुरा में 11 करोड़ रुपये की लागत से नालंदा परिसर का निर्माण किया जा रहा है, जो शिक्षा क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। महापौर ने पिछली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि विगत 9 वर्षों में नगर निगम भ्रष्टाचार का अड्डा बना रहा। परिणामस्वरूप जगदलपुर उपेक्षा का शिकार होता रहा, लेकिन अब भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में बदलाव साफ दिखाई दे रहा है। कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, सभापति खेमसिंह देवांगन, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, सुरेश गुप्ता, त्रिवेणी रंधारी, कलावती कसेर, यशवंत ध्रुव, नरसिंह राव, पूनम सिन्हा, आशा साहू, बसंती समरथ, मनोहर दत्त तिवारी, यशवर्धन राव, दिगंबर राव, राजपाल कसेर, घनश्याम यादव, नीलम यादव, अविनाश श्रीवास्तव, प्रकाश झा, शशिनाथ पाठक, संजय चंद्राकर, निर्मल पानीग्राही, बाबुल नाग, ब्रिजेश शर्मा, वीरेन्द्र जोशी, सहित नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### गीला और सूखा कचरा अलग करने की अपील

महापौर ने नागरिकों से अपील की कि वे गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखें, जिससे सफाई में कर्मियों को परेशानी न हो। वहीं स्वच्छता रैंकिंग में जगदलपुर को ऊँचाई पर पहुंचाया जा सके।

# मन की बात में पीएम मोदी ने देशभर की सफाई पहलों की सराहना की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रविवार को दलपत सागर वार्ड के बूथ क्रमांक 115 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 124 वा संस्करण का श्रवण किया गया।

प्रधानमंत्री ने एक बार फिर स्वच्छता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन जल्द ही अपने 11 साल पूरे करने जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन 11 सालों में यह मिशन एक जन आंदोलन बना है। लोग इसे अपना कर्तव्य मानते हैं और यही असली जनभागीदारी है। उन्होंने कहा कि देशभर के शहर और कस्बे अपने-अपने पर्यावरण और जरूरतों के अनुसार स्वच्छता के अनूठे तरीकों को अपना रहे हैं। इस साल देश के 4500 से ज्यादा शहर और कस्बे, इसमें शामिल हुए. 15 करोड़ से ज्यादा लोगों ने इसमें हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने भोपाल की सकारात्मक सोच टीम की सराहना करते बताया कि यह टीम 200 महिलाओं की है, जो 17 पार्कों की सफाई करने के साथ-साथ लोगों में जागरूकता भी फैला रही हैं। शहर के 17 पार्कों की एक साथ सफाई करना और कपड़े के थैले बांटना, उनका हर कदम एक संदेश है। ऐसे ही प्रयासों की बदौलत भोपाल अब स्वच्छ सर्वेक्षण में काफी आगे बढ़ा है।

लखनऊ की गोमती नदी टीम के बारे में बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह टीम पिछले 10 सालों से हर रविवार लगातार सफाई अभियान में जुटी है। छत्तीसगढ़ के बिल्हा की महिलाओं को भी पीएम ने सराहा, जिन्होंने कचरा प्रबंधन का प्रशिक्षण लेकर शहर की तस्वीर ही बदल दी।

प्रधानमंत्री ने गोवा के पणजी शहर का भी उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि पणजी में कचरे को 16 श्रेणियों में बांटा जाता है। उसका नेतृत्व भी महिलाएं ही कर रही हैं। पणजी को राष्ट्रपति पुरस्कार भी मिल चुका है। देशवासियों को स्वच्छता का मैसेज देते हुए पीएम ने कहा कि स्वच्छता कोई एक बार या एक दिन का काम नहीं है। जब हम हर दिन,साल के हर पल स्वच्छता को प्राथमिकता देंगे,तभी देश स्वच्छ रहेगा।

इस अवसर पर वार्ड में मन की बात के अतिथि नरेंद्र पाणिग्राही, पार्षद नरसिंग राव,बूथ अध्यक्ष महेंद्र पटेल, सुकलाल नाग, सचिन उपाध्याय, राजेश कुमार, तुलसी राम माली, रोहित राव, आशा यादव सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# 42 लाख के पोटाकेबिन घोटाले के बाद भी जमे हैं जिला शिक्षा अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- 2 अफसर होने से विवाद की स्थिति बन रही
- भाजपा नेताओं के सिफारिश का असर नहीं

दक्षिण पश्चिम बस्तर के बीजापुर जिले में शिक्षा विभाग कुछ महिने पहले पोटाकेबिन में हुए 42 लाख के घोटाले के कारण सुर्खियों में रहा । अब वहां 2 जिला शिक्षा अधिकारी होने के कारण विवाद के साथ चर्चा का विषय बना हुआ है । शासन ने राजकुमार कठौते को पदस्थ किया है तथा लखनलाल धनेलिया को कोंडागांव जिले के माकड़ी में प्राचार्य के पद पर तबादला किया है। पूर्व डीईओ धनेलिया हाईकोर्ट से आदेश ले आए हैं जिसमें शासन को विचार के लिए कहा गया है। आज की स्थिति में दो जिला शिक्षा अधिकारी होने से शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई है। जब जिले का बड़ा अधिकारी विवाद में हो तो नीचे के अफसर पर अनुशासन का असर समझा जा सकता है। मिली जानकारी के मुताबिक बीजापुर कलेक्टर को भाजपा के कुछ बड़े नेताओं ने शासन द्वारा नियुक्त राजकुमार कठौते को काम करने देने कहा है । लेकिन अभी तक किसी तरह की पहल स्थानीय प्रशासन द्वारा नही होने से शिक्षा विभाग राजनीति का अखाड़ा बना है। वैसे भी पूर्व अफसर हरेराम शर्मा के समय से पोटाकेबिन और आश्रम छात्रावास भ्रष्ट अधिकारियों के लिए कमाई का अवसर वाला विभाग बन गया है । इसलिए संवेदनशील नक्सल प्रभावित जिले में पोसंटिग सजा नही बल्कि मेवा का जरिया बन गया है । बताया गया कि शिक्षा विभाग में दोनो अधिकारी अलग अलग कक्ष में बैठकर काम कर रहे है। नवपदस्थ डीईओ राजकुमार कठौते शासन के निर्देश का पालन करते हुए अपने चेंबर में बैठकर शिक्षा सत्र के कार्यो को अंजाम दे रहे है । लेकिन उन्हें वित्तीय पावर नही मिलने से वे बिना अधिकार के अधिकारी बनकर बैठे है।

### कोर्ट से विचार का आर्डर

बताया गया कि पूर्व डीईओ धनेलिया हाईकोर्ट ` से स्टे लेकर आने की बात कहकर जमे हुए है । वहीं सूत्रों ने बताया कि हाईकोर्ट ने शासन को विचार के लिए समय सीमा निर्धारित कर आदेश दिया है । अब इसमें कलेक्टर को देखना है कि किसे वे शिक्षा विभाग का प्रमुख दायित्व किसे सौंपते है। फिलहाल एक ही पद पर दो अधिकारी के होने से शिक्षा व्यवस्था बेपटरी हो गई है।

## दुधावा जलाशय की नहर में डूबने से बुजुर्ग की मौत गांव में शोक की लहर

**कांकेर।** दुधावा जलाशय से सिचाई के लिए बनाई गए नहर जो सरोना पंचायत क्षेत्र से गुजरती है, जिसमें 27 जुलाई को एक बुजुर्ग की डूबने से मौत हो गई ग्रामीणों की मानें तो इसके पहले भी इस नहर में ऐसी घटना हो चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग को जानकारी देने के बाद भी नहर की सफाई नहीं किया गया। पुलिस ने शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा। घटना की खबर फैलते ही गांव का माहौल गमगीन हो गया। ग्राम पंचयात सरोना के भर्रीपारा निवासी 80 वर्षीय बुजुर्ग मृतक रामलाल मरकाम को उनके परिजन सुबह से ढूंढ रहे थे, किन्तु उनकी कोई जानकारी मिल रही थी। गांव के लोगों ने दोपहर 12 बजे के आसपास नहर में शव के दिखने की जानकारी दिया, परिजनों ने देखा और पुष्टि होने के बाद दुधावा चौकी को जानकारी दिया। इस घटना की खबर फैलते ही गाँव का माहौल गमगीन हो गया, इसके अलावा ग्रामीणों में नाराजगी भी देखने को मिली। ग्रामीणों का कहना है कि यह नहर दुधावा जलाशय से आती है, जिसकी कभी सफाई नहीं होती, अभी भी जगह-जगह बड़े-बड़े घास और गंदगी पसरी हुई है। ग्रामीणों ने कई बार विभाग को जानकारी दिया।

# स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 81 बच्चों का किया परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड के डॉ. हरीश मरकाम के निर्देश अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंगनार में बाल संदर्भ सेवा के तहत गंभीर कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग अनुसार शिविर के बाद ग्राम कोलावल एवं मंगनार में हमर स्वस्थ लईका कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 81 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण श्रीमती कालिंद निर्मलकर (ग्रामीण चिकित्सा सहायक) ने किया। परीक्षण के दौरान 4 बच्चे गंभीर कुपोषित पाए गए जिन्हें पोषण पुर्नवास केन्द्र बकावंड में भर्ती करने की सलाह स्वास्थ्य पर्यवेक्षक दिनेश पराते द्वारा दी गई। साथ ही बताया कि गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी सेंटर में 15 दिवस तक भर्ती कर दिया जाता है, जिसमे मां बच्चे को प्रतिदिन भोजन एवं रुकने की व्यवस्था पूर्ण रूप से रहती है। प्रति दिवस 150 रुपये की दर से 15 दिवस तक पूरे होने पर माता के खाते मे 2250 रुपये शासन द्वारा जमा किये जाते हैं। भर्ती के दौरान प्रतिदिन डाक्टरों द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य जांच उसके वजन एवं ऊंचाई आदि की सूक्ष्म जांच किया जाता है। शिविर में मुख्य रूप से सेक्टर प्रभारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंगनार की श्रीमती कालिंद निर्मलकर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, रामनाथ कश्यप, चिंतामन देवांगन, रुको कश्यप, पर्यवेक्षक महिला बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रीता पांडे, राखी देवांगन, रैयमती कश्यप, भारती, संतोषी नागेश, बुदरी कश्यप, मयावती देवांगन, पदमनी देवांगन, गनेश्वरी देवांगन, मंदना, गणमती, जमुना, चम्पी, मनमती, सुशीला, सुनीता ठाकुर, चन्द्रवती रेमा एवं पुष्पा मौर्य आदि शामिल रहे।

# जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देकर प्राणों का बलिदान दिया : कमांडेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- कोबरा काम्प्लेक्स में हर्षोल्लास के साथ मना सीआरपीएफ स्थापना दिवस
- शहीद जवानो को याद कर 2 मिनट मौन रखा गया

कोबरा काम्प्लेक्स करनपुर में कोबरा वाहिनियों ने बल का 87 वॉ स्थापना दिवस रविवार को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया। इस अवसर पर अमित चौधरी (कमांडेंट-201 कोबरा) और संतोष कुमार मल्ल (कमांडेंट-204 कोबरा) एवं अन्य अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे।



201 तथा 204 कोबरा ने संयुक्त रूप से शहीदों को सलामी देकर पुष्पांजलि अर्पित की तथा दो मिनट का मौन धारण किया। तत्पश्चात कमांडेंट ने उपस्थित समस्त अधिकारियों व जवानों को शहीद जवानों के बारे में बताया कि किस तरह हमारे जवानों ने अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया और अपने बल का नाम रोशन किया । कमांडेंट ने सभी जवानों को स्थापना दिवस की शुभकामनाये दी तथा इस दिन के महत्त्व के बारे में बताया । ज्ञात हो कि सीआरपीएफ 27 जुलाई 1939 को क्राउन रिप्रेजेन्टेटिव पुलिस के रूप में अस्तित्व में आया तथा 28 दिसम्बर 1949 को सीआरपीएफ के अधिनियमित होने पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल बन गया । इस अवसर पर कोबरा कॉप्लेक्स में सामूहिक सैनिक सम्मलेन का आयोजन किया गया। इसी क्रम में स्थापना दिवस की संध्या को 201 व 204 कोबरा के बीच अनेक खेलकूद प्रतियोगिताए आयोजित की गयी तथा पुरुस्कार वितरण किया गया वही बड़े खाने का आयोजन किया गया ।

214 बटालियन सी.आर.पी.एफ में मनाया गया स्थापना दिवस

## स्वस्थ रहें और सीआरपीएफ का नाम रोशन करें : कमाण्डेन्ट




**बीजापुर।** सी.आर.पी.एफ के 87 वें स्थापना दिवस के अवसर पर 214 बटालियन कैम्प में के. डी. जोशी कमाण्डेन्ट के द्वारा क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली गई एंव शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धान्जली अर्पित की गई। तत्पश्चात बृहद वृक्षारोपण किया गया जिसमें 214 बटालियन के कमाण्डेन्ट , अधिकारीगण व जवान शामिल रहे । खेलों इंडिया योजना की फिट इंडिया पहल के तहत लोगों को अपने शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु प्रोत्साहित करने के लिये कमाण्डेन्ट के मार्गदर्शन में साईकिल अभियान का आयोजन किया गया। जो 214 बटालियन सी.आर.पी.एफ कैम्प दुगोली से धनौरा तक आयोजित किया गया । साइकिल अभियान में आस-पास गाँव के लोगो ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस उपलक्ष्य में 214 वाहिनी के सभी समवायों में साइकिल अभियान, वृक्षारोपण, खेलकूद प्रतियोगिता, रंगारंग कार्यक्रम व बडे खाने का आयोजन किया गया। के०डी० जोशी कमाण्डेन्ट के द्वारा सभी अधिकारियों व जवानों को शारीरिक रुप से स्वस्थ रहने व के.रि.पु.बल का नाम रोशन करने का संदेश दिया गया।

